पंजाब केसरी 8/4/22 (P-4)

# आई.जी. कालेज में वर्ल्ड हैल्थ-डे पर आयोजित की एक्टिविटी



आई.जी.कालेज में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती कालेज की छात्राएं। (मित्तल)

कैथल, 7 अप्रैल (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में वर्ल्ड हैल्थ-डे के उपलक्ष्य में कालेज के एंटी तंबाकू सैल के तत्वाधान में कॉमर्स विभाग द्वारा बच्चों को जागरूक करने के लिए एक एक्टिविटी करवाई गई, जिसके अंतगर्त अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

ये गतिविधियां अवर पलेनैट, अवर हैल्थ थीम पर आधारित थी, जिसके अंतगर्त पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता आदि गतिविधियां करवाई गई।

कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिवस का एकमात्र उद्देश्य देश के हर मनुष्य के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करवाना व सरकार द्वारा दी गई स्वास्थ्य सेवाओं से अवगत करवाना है।

कोरोना का नाजुक समय गुजर जाने के बाद भी हम सभी को अपनी सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए व परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने सभी प्राध्यापकवर्ग व छात्राओं को वर्ल्ड हैल्थ-डे पर अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर एंटी तंबाकू सैल की नोडल अधिकारी सुमन तंवर व मॉनीटर सोनिया सहित कॉमर्स विभाग के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी 22-4-22 (P4)

# आई.जी. कालेज की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

## पराली जलाने के कारण पैदा होने वाली हानियों के प्रति लोगों को किया जागरूक



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते आई.जी. कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया। (मित्तल)

कैथल, 21 अप्रैल (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कैथल द्वारा जारी निर्देशानुसार कालेज के एन.एस.एस. यूनिट्स द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय पराली जलाने के कारण पैदा होने वाले प्रदूषण से होने वाली हानियां रहा। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत कालेज की कमर्शियल आर्ट विभाग द्वारा एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस प्रतियोगिता का विषय भी पराली प्रदूषण ही रहा। रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खरानिया ने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बहुत बढ़ जाता है, जिसका स्वास्थ्य पर बहुत दुष्प्रभाव पड़ता है। छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली इस दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है, जिसके द्वारा लोगों को पराली जलाने से होने वाले नुकसानों के प्रति अवगत कराया जा सकेगा। कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि पराली जलाने से पूरे शहर में धुएं की परत चारों तरफ फैल जाती है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत व आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस तरह के आयोजन इस प्रदूषण को रोकने में काफी मददगार साबित होंगे।

इस अवसर पर कालेज स्टाफ से अलका गोयल, सुरभि शर्मा, डा. हेमलता, रेनू बाला व मनीषा गोयल इत्यादि उपस्थित रहे।

### पेंटिंग प्रतियोगिता के इस प्रकार रहे परिणाम

आई.जी. कालेज में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में उर्वशी बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, शबनमदीन बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय व सिकी बी.ए. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दैनिक जागरण 16/4/22 (P-3)

# छात्राओं को एचआइवी, टीबी व कैंसर के बारे में दी जानकारी




कैथल के आइजी महिला कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं और स्टाफ सदस्य। • कालेज पीआरओ

जागरण संवाददाता, कैथल : आइजी महिला कालेज में कामर्स विभाग की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्राओं को एचआइवी एड्स, टीबी और कैंसर की गंभीर बीमारियों पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को इनके लक्षण के बारे में भी बताया गया। इन गतिविधियों को करवाने का एकमात्र उद्देश्य कालेज की छात्राओं को इन बीमारियों के लक्षण, कारण व बचने के उपायों से अवगत करवाया जाना है।

कालेज की प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि इन बीमारियों से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि जिस कारण साधारण बीमारियां भी शरीर के लिए घातक हो जाती है। कालेज प्राचार्या आरती गर्ग ने इन सभी बीमारियों को लेकर छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कालेज के कामर्स विभाग से प्रियंका बिंदलिश, रीतू गुप्ता, प्रियंका गोयल सहित आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कैथल हरित 24-1-22 (P3)

# आई.जी.कालेज में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

कैथल हरित

**कैथल।** इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। यह कार्यक्रम एन.एस.एस. की दोनो यूनिट के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रबंधक समिति के प्रधान श्री राम बहादुर खुरानिया जी ने शिरकत की। कार्यक्रम के आरंभ में मु2यातिथि एवं कालेज प्राचार्या श्रीमती आरती गर्ग जी द्वारा नेता जी की तस्वीर पर माल्यापर्ण की गई एवं नेता जी के पराक्रम को याद करते हुये नमन किया। संगीत विभाग की छात्रा ने नेताजी पर मनमेहक रागिनी की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। एन.एस.एस की छात्राओं ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये देश की आजादी के लिये उनके योगदान की जानकारी दी। प्रबंधक समिति के प्रधान श्री राम बहादुर खुरानिया जी ने कहा कि नेता जी भ्भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल है जिनके साहस से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये और राष्ट्र के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहना चाहिये। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती आरती गर्ग ने कहा



कि देश की आजादी के लिये उनके त्याग और समपर्ण, शौर्य एवं राष्ट्र प्रेम को सदा याद रखा जायेगा। इस संपूर्ण कार्यक्रम में कालेज की छात्रायें आनलाईन माध्यम से शामिल हुई। इस अवसर पर कालेज का समुचित स्टाफ उपस्थित रहा।




Scanned with CamScanner

CS Scanned with CamScanner

# आई.जी. कालेज की छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली

कैथल, 23 जून (प्रदीप हरित) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में रैडक्रॉस एवं रैड रिबन सेल के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कॉलेज की प्राचार्या आरती गर्ग ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य 26 जून विश्व ड्रग दिवस के क्रम में जन जागरण बढ़ना, नशीली दवाओं के खतरों को रोकना एवं निवारक कार्यवाही करने के संबंध में 12 से 26 जून तक नशे से आजादी पखवाड़ा राष्ट्रीय स्तर अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करना था। यह रैली आई.जी. कॉलेज से निकल कर पेहवा चौक होते हुए ढांड रोड पर आई.जी. पिब्लक स्कूल पर समाप्त हुई। कालेज प्रबंधक समिति के महासचिव नरेंद्र मिगलानी व कोषाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया व कहा कि यह व्यक्ति के शरीर को दीमक की तरह खोखला कर देता है। इस अवसर पर सायं कालीन सत्र की प्रिंसीपल इंचार्ज सुरभि शर्मा, राधिका, ऋतु गुप्ता, नंदिता व रीना गिल इत्यादि उपस्थित रहे।




नशा जागरूकता रैली निकालते हुए छात्राएं। (सतीश भराड़ा)


Indira Gandhi (P.G.) Mahila Mahavidyalaya, Kaithal
RED CROSS &
RED REBBON CLUB
Welcome Yo
GPS Map Camera
Indira
Col
Google
कैथल, हरियाणा, भारत
RC35+V78, आदर्श नगर, कैथल, हरियाणा 136027, भारत
Lat 29.80431°
Long 76.408034°
15/06/22 10:53 AM

पंजाब केसरी 1-6-22 (P2)

# हमें तम्बाकू का सेवन नहीं करना चाहिए : खुरानिया

## आई.जी. कालेज में मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

कैथल, 31 मई (मित्तल): इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल मे विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कालेज के एंटी तंम्बाकू सैल के तत्वावधान में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक करना था।

कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया व कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह जागरूकता रैली आई.जी. कालेज से पिहोवा चौक होती हुई आई.जी. स्कूल के रास्ते से वापिस कालेज में पहुंची। जानकारी देते हुए कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुक्सान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक करना था।

कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया व कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तम्बाकू के सेवन से दुनिया भर में हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए हम सभी को तम्बाकू के सेवन से बचना चाहिए। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से सुरभि शर्मा, सुमन तंवर व सोनिया आदि उपस्थित रहे।



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया। (मित्तल)

पंजाब केसरी 8-1-22 (P4)

# आई.जी.कालेज में 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं का करवाया गया कोविड टीकाकरण

कैथल, 7 जनवरी (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया, जिसमें 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं का कोविड टीकाकरण करवाया गया। एन.एस.एस. सैल की छात्राओं ने सामाजिक दूरी को मद्देनजर रखते हुए मास्क पहनकर अपने कर्तव्य को बाखूबी निभाया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग से डा. कुशल मेहता, डा. विपुल, डा. दीपक, स्टाफ नर्स रमन तथा राजेश इत्यादि शामिल रहे। इस मुहिम में कालेज की अधिकतर छात्राओं ने टीकाकरण करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या अलका गोयल ने कहा कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की सभी छात्राओं को यह टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए और खुद को स्वस्थ रखकर समाज में इस बीमारी को फैलने से रोकना होगा। कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य कोरोना जैसी महामारी को समूल खत्म करना है। इस अवसर पर कालेज स्टाफ उपस्थित रहा।



*शिविर के दौरान एक छात्रा को कोविड वैक्सीन का टीका लगाती स्वास्थ्य कर्मी।* (मित्तल)

पंजाब केसरी 25/1/22

# आई.जी. कालेज में मनाया गया नैशनल गर्ल चाइल्ड-डे

## ■ ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

कैथल, 24 जनवरी (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में नैशनल गर्ल चाइल्ड-डे पर कालेज की एन.एस.एस यूनिट्स द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में एक ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का मनाया जाना, भारत सरकार द्वारा बेटियों और बेटों के बीच भेदभाव के खिलाफ और बेटियों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ उठाया गया एक सराहनीय कदम है, जिसके लिए हम सब के भी सकारात्मक प्रयास होना बहुत जरूरी हैं। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा का महत्व, उचित पोषण और स्वास्थ्य जैसे कई विषयों पर जानकारी प्रदान करना है, ताकि बालिकाएं अपने अधिकारों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक हो सकें।




*आई.जी.कालेज में आयोजित ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेती कालेज की छात्राएं।* (मित्तल)

एन.एस.एस.इंचार्ज रेनु बाला ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर इस कार्यक्रम के आयोजन द्वारा लड़कियों को उन समस्याओं से अवगत कराना है, जो उनको उसके मूल अधिकारों का प्रयोग करने से रोकती हैं। इस अवसर पर कालेज स्टाफ से प्रियंका बिदलिश, मनीषा गोयल तथा एन.एस.एस. इंचार्ज डा. हेमलता इत्यादि उपस्थित रहे।

अमर उजाला 13-1-22 (P4)

# युवाओं के लिए आदर्श है विवेकानंद का जीवन

## आईजी कालेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को किया गया याद



वेबिनार में भाग लेते हुए स्वयंसेविकाएं।

संवाद न्यूज एजेंसी

कैथल। इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में एनएसएस की दोनों यूनिट की ओर से स्वामी विवेकानंद जी की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में ऑनलाइन माध्यम से मनाया गया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई और उन्हें युवाओं के लिए आदर्श बताया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को व्यावहारिक ज्ञान और पौराणिक समझ बहुत गहरी थी। उन्होंने योग को हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कहा कि हम सभी को भी अपने जीवन को सयंमित करने के लिए योग को अपनाना चाहिए। महाविद्यालय के प्रधान श्री राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि विवेकानंद जी का जीवन हर युवा के लिए एक आदर्श है। सभी छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए। संवाद

अमर उजाला 24.3.22 (P4)

# पौधरोपण कर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर किया शुरू



एनएसएस शिविर में पौधरोपण करते अतिथि। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कैथल।** इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया व कॉलेज प्राचार्य आरती गर्ग ने किया। सबसे पहले एनएसएस की छात्राओं ने पौधरोपण किया। उसके बाद कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका प्रियंका बिंदलिश ने

## आत्मनिर्भर भारत विषय पर दिया व्याख्यान

आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान दिया एवं छात्राओं को जागरूक किया।

प्राचार्य आरती गर्ग ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने की यह मुहिम हमारे राष्ट्र के निर्माण में एक नींव का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर अल्का गोयल, सुरभि शर्मा, मोनिका गुगलानी, श्वेता तंवर, हेमलता व रेनू बाला सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

अमर उजाला 26.3.22 (P4)

# छात्राओं को कैंसर के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत छात्राओं द्वारा योगासन करके की गई। इसमें शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका रीना गिल द्वारा छात्राओं को विभिन्न योगासन करवाए। इसके बाद रेडक्रॉस एवं रेड रिबन सैल के सहयोग से कैंसर से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें बीएल अस्पताल दिल्ली से डॉ. जय गोपाल शर्मा ने छात्राओं एवं प्राध्यापक वर्ग को विभिन्न प्रकार के कैंसर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैसे तो कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन कई तरह के कैंसर ऐसे भी हैं जिनमें समय पर जानकारी मिलने पर मरीज की जान बचाई जा सकती है। कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करके लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाए तो कैंसर से होने वाली मौत के आंकड़े को कम किया जा सकता है। कॉलेज प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि जागरूकता से किसी की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर बीएल अस्पताल दिल्ली से डॉ. अजय, नितेश राणा, गुरमीत सिंह, संचित कुमार, अलका गोयल, सुरभि शर्मा, प्रियंका बिंदलिश, रीतू गुप्ता, रेनू बाला व डॉ. हेम लता मौजूद रहीं। संवाद

पंजाब केसरी 31/3/22 (P-14)

# आई.जी. कालेज द्वारा आयोजित 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न

## मुस्कान और ज्योति ने प्राप्त किया बैस्ट एन.एस.एस. वर्कर का पुरस्कार

कैथल, 30 मार्च (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे 7 दिवसीय एन.एस. एस. शिविर का विधिवत रूप से समापन गांव शेरगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने शिरकत की तथा छात्राओं द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।



*इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के समापन अवसर पर छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान करते मुख्यातिथि रामबहादुर खुरानिया व अन्य।* (मित्तल)

इस कैंप में अपनाई गई प्रमुख थीम आत्मनिर्भर भारत रही, जिसको लेकर छात्राओं ने कैंप के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया। मुख्यातिथि रामबहादुर खुरानिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि यदि देश को आर्थिक, सामाजिक व तकनीकी क्षेत्र में समर्थ और शक्तिशाली बनाना है, तो स्वदेशी के मंत्र को ही अपनाना होगा और स्वदेशी अपनाकर हम देश को आर्थिक तौर पर मजबूत बना सकते हैं।

कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के शिविर जीवन में अनुशासन व समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हैं, साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने के विषय में कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से भारतीय कंपनियों को लाभ होगा और देश का धन विदेशों में जाने पर रोक लगेगी।

इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. हेम लता ने कहा कि ये विशेष शिविर जीवन में अनुशासन व समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी रेनु बाला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताते हुए इस 7 दिवसीय शिविर की गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया। अंत में छात्राओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुस्कान और ज्योति को बैस्ट एन.एस.एस. वर्कर व सोनिया तथा सिमरन को बैस्ट कुक का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक वर्ग से अलका गोयल, सुरभि शर्मा, प्रियंका बिंदलिश, सुदेश, दीपिका गुप्ता तथा डा. सलिंद्र आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला 29/3/2022 (P-4)

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दी आत्मनिर्भर भारत की जानकारी




आईजी कॉलेज की छात्राओं को आत्मनिर्भर भारत की जानकारी देते वक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

कैथल। इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के शिविर के छठे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों को राजकीय पॉलिटेक्निक शेरगढ़ में आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान में जानकारी दी गई।

इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद कुष्ठ आश्रम जाकर कुष्ठ रोगियों को फल वितरित किए। इस दौरान उनकी दैनिक दिनचर्या के बारे में जाना और कुष्ठ रोगियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका दीपिका गुप्ता ने छात्राओं को फ्लावर मेंकिंग के तरीके सिखाए। रेडक्रास सोसाइटी की तरफ से प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य दीपेंद्र सिंह गिल एवं प्राध्यापक दीपक पूनिया, कालेज स्टाफ से रेनू बाला, रीना गिल, डॉ. हेम लता और डॉ. सिलेंद्र मौजूद थे।

पंजाब केसरी 28-3-22 P 3)

# एन.एस.एस. कैंप के 5वें दिन स्वयंसेवकों ने शेरगढ़ में घर-घर जाकर लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक




*एन.एस.एस.कैंप के 5वें दिन बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ विषय पर अपना व्याख्यान देते प्राध्यापक सलिंद्र। (मित्तल)*

कैथल, 27 मार्च (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में आयोजित किए जा रहे 7 दिवसीय डे एंड नाइट एन.एस.एस. कैंप के 5वें दिन गांव शेरगढ़ में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों तथा एन.एस.एस. इंचार्ज डा. हेम लता व रेनु बाला द्वारा घर–घर जाकर गांव के लोगों को नशे जैसी सामाजिक बुराई व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा बताया कि इस प्रकार की सामाजिक मुद्दों का हमारे जीवन पर कितना गहरा प्रभाव पड़ता है और इन समस्याओं का निवारण करना कितना आवश्यक है तत्पश्चात रीना गिल द्वारा स्पोर्ट्स एक्टिविटी करवाई गए और सभी स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा करना सिखाया गया।

संस्कृत विभाग के प्राध्यापक सलिंद्र द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ विषय पर व्याख्यान दिया गया एवं इसी विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके बाद रैडक्रॉस सोसायटी की तरफसे फर्स्ट एड नर्सिंग होम की ट्रेनिंग भी दी गई। इस अवसर रैडक्रॉस सैल की इंचार्ज प्रियंका बिंदलिश, एन.एस.एस. इंचार्ज डा. हेमलता, रेनु बाला व रीना गिल आदि ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

अमर उजाला 23/9/21 (P-4)

# 'स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार'




**कैथल।** इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में एनएसएस की ओर से पोषण माह मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग की प्राध्यापिका रेणू ने पर्यावरण का हमारे पोषक आहार पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया। इस दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता भी करवाई गई। रेणू ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार होता है। कॉलेज की प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया व कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि पोषण अभियान पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ाने का सकारात्मक प्रयास है। एनएसएस अधिकारी डॉ. हेमलता ने भी छात्राओं को पोषक खाद्य पदार्थों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। संवाद

पंजाब केसरी २४/११/२१ (P-4)

# 'इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताएं'

कैथल, 23 नवम्बर (मित्तल) : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा निबंध लेखन, रंगोली, मेहंदी व वाद-विवाद इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय सुगम चुनाव में तकनीकी का उपयोग रहा।





मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते आई.जी.कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया तथा रंगोली प्रतियोगिता के दौरान रंगोली बनाती एक छात्रा। (मित्तल)

इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता में मतदान से संबंधित सुंदर कलाकृतियां उकेरी। मतदाता जागरूकता रैली को कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया व कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई मतदाता जागरूकता स्कीम बहुत ही सराहनीय है।

इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राएं मतदान के प्रति खुद भी जागरूक होती है व अपने मत का सही उपयोग कर समाज में अमूल्य योगदान देती हैं।

उन्होंने कहा कि वे छात्राएं जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे ऊपर है वह अपना वोट बनवाए तथा प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कालेज के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## इस प्रकार रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

निबंध लेखन प्रतियोगिता में अनु शर्मा ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में शबनम ने प्रथम, प्रीत कौर ने द्वितीय स्थान तथा छवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में छवि ने प्रथम स्थान, तनीशा ने द्वितीय स्थान तथा शबनम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपिका व शीतल की टीम प्रथम स्थान पर रही।

...कुल 834 शाखाएं ... से कम ब्याज दरों पर दे रहा है।

पंजाब केसरी २/१२/२१ (P-4)

# आई.जी. कालेज में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को किया गया जागरूक

कैथल, 1 दिसम्बर (मित्तल): इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में रेड रिबन सैल के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या आरती गर्ग ने बताया कि एड्स रोग की प्रारंभिक जानकारी होने से इससे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के वृक्षों को रेड रिबन व रेड गुब्बारों द्वारा सजावट कर सभी को एच.आई.वी.एड्स के प्रति जागरूक किया गया। रेड रिबन सैल की इंचार्ज प्राध्यापिका प्रियंका बिंदलिश व रीतू गुप्ता द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को एड्स के लक्षण, कारण, परिणाम एवं रोकथाम के उपायों को बताते हुए उनसे अपील की कि वे अपने घर व आसपास के सभी लोगों को इस भयंकर बीमारी के बारे में जागरूक करें। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने छात्राओं को अपने संबोधन में कहा कि एच.आई.वी.एड्स एक संक्रामक रोग है, यह संक्रमण न फैले इसके लिए सभी को सावधानी रखनी होगी। इस अवसर पर कालेज स्टाफ से रेनू खुरानिया, अल्का गोयल, डा. दीपा तथा सुदेश इत्यादि उपस्थित रहे।



रेड रिबन लगाकर छात्राओं को प्रेरित करते कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया व स्टाफ सदस्य। (मित्तल)

दैनिक जागरण 11-12-21 (P2)

# कोरोना रोधी वैक्सीनेशन शिविर के दौरान 100 से अधिक छात्राओं व स्टाफ ने लगवाया टीका

जागरण संवाददाता, कैथल : इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस यूनिट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम के तहत कोरोना रोधी वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। इसमें छात्राओं को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई गई। शिविर के तहत एनएसएस की छात्राओं ने दो गज की दूरी को मद्देनजर रखते हुए मास्क पहन अपने कर्तव्य को बखूबी निभाया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डा. कुशल मेहता, डा. विपुल, रेडक्रास सोसायटी से डा. बीरबल, स्टाफ नर्स रीना एवं आरती शामिल रहे। शिविर में 100 से अधिक छात्राओं व अन्य स्टाफ सदस्यों ने टीका लगवाया। इस मुहिम में कालेज की अधिकतर छात्राओं ने टीकाकरण करवाया। प्राचार्या आरती गर्ग ने कहा कि हम सभी को यह कोरोना रोधी टीका अवश्य लगवाना चाहिए। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य कोरोना जैसी महामारी को पूरी तरह से खत्म करना है। एनएसएस की इंचार्ज डा. हेमलता ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौकेपर अलका गोयल, रीना गिल, रेनू बाला सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



शिविर के दौरान कोरोना रोधी वैक्सीन लगवाती छात्रा। • कालेज पीआरओ

अमर उजाला 9/12/21 (P-4)

# महिला सशक्तिकरण की अलख जगाने निकली यात्रा

## ग्रामीण अंचल की महिलाओं को अधिकारों के बारे में जागरूक करना यात्रा का उद्देश्य : सुनीता

संवाद न्यूज एजेंसी

कैथल। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा शुरू की गई साइकिल रैली जागृति यात्रा का बुधवार को कैथल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कैथल-जींद मार्ग पर गांव किठाना से यात्रा ने कैथल में प्रवेश किया। जहां स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा यात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत किया गया।

डीजीपी हरियाणा पीके अग्रवाल के आदेशानुसार हरियाणा पुलिस द्वारा एसीपी ममता सौदा के नेतृत्व में यह यात्रा शुरू की गई है। डीएसपी विवेक चौधरी की अगुवाई में महिला थाना एसएचओ सुनीता, पुलिस चौकी किठाना प्रभारी एसआई शमशेर सिंह तथा अन्य पुलिस कर्मचारियों द्वारा किठाना बॉर्डर पर निरीक्षक माया व यात्रा में शामिल महिला पुलिस कर्मचारियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत करके केक काटा गया।

इसके बाद जागृति यात्रा का तितरम मोड़ पर थाना तितरम प्रबंधक नन्हीं देवी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा फूलों की माला पहनाकर व ढोल के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद यह यात्रा कैथल शहर से होते हुए करनाल रोड स्थित आईजी महिला महिला पीजी कॉलेज में पहुंची। जहां कॉलेज स्टाफ व संस्था ने यात्रा का स्वागत किया। इसके साथ-साथ उन्होंने उनके अधिकारों, कर्तव्यों व हरियाणा पुलिस की महिला सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही सेवाओं जैसे दुर्गा शक्ति मोबाइल एप, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, आपातकालीन 112, बाल सहायता 1098, सीडब्ल्यूसी की महत्ता के बारे में बताया।



इंस्पेक्टर माया के नेतृत्व में कैथल के करनाल रोड से गुजरते हुए जागृति साइकिल यात्रा



महिला सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही सेवाओं की जानकारी देतीं हुईं इंस्पेक्टर माया।

## मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करने के लिए किया प्रेरित

### आईजी कॉलेज में पहुंची महिला पुलिस की जागृति साइकिल रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

कैथल। महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर महिला पुलिस की साइकिल जागृति रैली बुधवार को आईजी कॉलेज में पहुंची। इसमें मुख्यातिथि के रूप में इंस्पेक्टर माया ने शिरकत की। एसएचओ डॉ. नन्ही देवी, एसएचओ निर्मल कुमार व एसएचओ सुनीता देवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की बहुत सुंदर प्रस्तुतियां दी। मुख्यातिथि इंस्पेक्टर माया ने छात्राओं को अपने मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। 'जागरूक नारी शक्ति हमारी' स्लोगन के तहत छात्राओं को स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को दहेज प्रथा व भ्रूण हत्या के विरुद्ध जागरूक करने की प्रेरणा दी गई।

इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया, सचिव नरेंद्र मिगलानी, अनाज मंडी के प्रधान श्याम बहादुर खुरानिया व प्राचार्य आरती गर्ग ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



आईजी महिला कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में साइकिल रैली की टीम लीडर इंस्पेक्टर माया को स्मृति चिह्न देते हुए प्रबंधक समिति के सचिव नरेंद्र मिगलानी व अन्य सदस्य।

कैथल हरित 12/12/21 (P-3)

# छात्राओं को एच.आई.वी.एडस बारे किया जागरूक

**कैथल हरित**

**कैथल।** इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में रैड रिबन क्लब व रैड क्रास सैल के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं को एच.आई.वी.एडस, टी.बी., वी.बी.डी. व मैंटल हैल्थ आदि रोगो व उनके निवारण से संबंधित जानकारी दी व इन विषयों पर परिचर्चा भी की गई। कालेज की प्राचार्या श्रीमती आरती गर्ग ने जानकारी देते हुये कहा कि इस वर्ष का रैड रिबन क्लब के थीम - असमानता, एडस व महामारी का खात्मा पर 1 दिसंबर से 15 दिसंबर 2021 के बीच कालेज में गतिविधियां करवाई जानी हैं। इस अवसर पर मनोविज्ञान की प्राध्यापिका नीरू गर्ग ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को जागरूक किया कि एक एच.आई.वी. संक्रंमित व्यक्ति भी एक नार्मल व खुशहाल जीवन जी सकता है क्योंकि ये कोई छुआछूत की बिमारी नही हैं साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार का इस वर्ष का एच.आई.वी. एडस के थीम का एकमात्र उददेश्य एडस संक्रमित लोगो तक पहुचना है जो सरकार द्वारा उपल4ध करवाई गई सुविधाओं का लाभ नही उठा पा रहे हैं तथा छात्राओं को इस संक्रमण से बचने के लिये सावधानियां व इलाज के बारे में भी बताया। इस अवसर पर रैड रिबन 1लब की इंचार्ज प्रियंका बिंदलिश व रीतू गुप्ता, सुरभि गुप्ता, अलका गोयल, प्रियंका गोयल व सोनिया इत्यादि उपस्थित रहे।




SEXUAL HARASSMENT
WOMEN AT WORKPLACE
GPS Map Camera
Indira
Col
ADARSH NAGAR
Google
Kaithal, Haryana, India
RC35+V78, I.G.M.M.V. Adarsh Nagar, Kaithal, Haryana 136027, India
Lat 29.804362°
Long 76.408052°
11/06/22 10:56 AM